## सार-समाचार

### उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर सम्मानित किया

**तारानगर** (निसं)। तारानगर के निकटवर्ती साहवा कस्बे की महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय ने इस वर्ष उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्रस्तुत कर शिक्षा क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय की इस उपलब्धि पर सीबीईओ बबलेश शर्मा, एडीपीसी सरिता आत्रेय, एसीबीईओ सोलंकी, आरपी रामनिवास धेतरवाल ने प्रधानाचार्य केदारमल आसेरी सहित समस्त विद्यालय स्टाफ को सम्मानित किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने विद्यालय की टीम भावना, शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों की लगन की सराहना की। उन्होंने कहा कि साहवा विद्यालय ने जिस प्रकार से अनुशासन, परिश्रम और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का उदाहरण प्रस्तुत किया है, वह अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणादायक है। प्रधानाचार्य केदारमल आसेरी ने इस सम्मान के लिए विभागीय अधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मान पूरे विद्यालय परिवार की संयुक्त मेहनत का परिणाम है। विद्यालय भविष्य में भी इसी प्रकार श्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु प्रतिबद्ध रहेगा। समारोह में विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का समापन प्रेरणादायक संदेशों और विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के साथ हुआ।

### वृक्षारोपण अभियान आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। राजकीय प्राथमिक विद्यालय गुर्जरों की ढाणी तन बलारां में हरियालो राजस्थान,एक पेड़ मां के नाम अभियान का आयोजन हुआ। विद्यालय में ऑक्सीजन जन आंदोलन एक व्यक्ति एक पेड़ अभियान की मदद से पौधारोपण किया गया तथा विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों शिक्षको ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। वृक्षारोपण के बाद सभी ने पौधों की सार संभाल व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई उस पहल का दूसरा चरण है जिसके अंतर्गत हर नागरिक को अपनी मा या धरती मां के नाम पर एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया जाता है। विद्यालय के पर्यावरण प्रभारी अध्यापक सुभाष चंद्र गुर्जर ने इस अवसर पर कहा एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है एवं पर्यावरण को बढ़ावा देता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मांगीलाल गुर्जर ने कहा कि इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा हुई है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण आसान है लेकिन उसे बचाना कठिन है। हमें इस बार तय करना है कि हर एक पौधे से भावनात्मक रिश्ता जोड़ा जाए।

### गुरु पूर्णिमा पर 500 से अधिक पौधे लगाए

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। हरियालो राजस्थान-एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पालड़ी में गुरु पूर्णिमा के दिन 500 से अधिक पेड़ एक साथ लगाकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी राधेश्याम योगी थे जबकि पीईईओ सुमित्रा मील पालडी, सरपंच पालडी पवन कुमार गोवला, पंचायत समिति सदस्य राजेश खाखल, भाजपा नेता बाल सिंह शेखावत, पूर्व सरपंच महेश कुमार, भंवरलाल जांगिड़, कृष्ण गोपाल बूबना, कुरडाराम, फूलचंद कुमावत, साक्षरता प्रभारी रणवीर गढ़वाल, सुरेश भास्कर, ओमप्रकाश भास्कर मंचस्थ अतिथि थे। इस अवसर पर वृक्षारोपण प्रभारी, आनंदीलाल, विनोद कुमार स्वामी, नवरंग लाल, संतोष थोरी, पूनम जांगिड़, बबीता, नेमीचंद, सुरेंद्र कुमार, कुलदीप चौधरी, राकेश सिंह, उर्मिला जाखड, अशोक कुमार आदि मौजूद थे। संचालन योगेश कुमार ने जबकि प्रधानाचार्य श्रीमती नीता ने आभार व्यक्त किया।

### पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ

**बीदासर** (निसं)। हरियालों राजस्थान अभियान के तहत गुरूवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम मुख्य अतिथि सीडीईओ चूरू गोविंद सिंह ने शुभारंभ किया। पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्राचार्य गोविंद सिंह ने कहा कि इस धरा को हरा भरा करने की महती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के वृक्षारोपण अभियान में इस मानसुन के दौरान निर्धारित लक्ष्य से अधिक पौधारोपण करना है। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी किशन लाल गहनोलिया ने धरती माता का श्रृंगार करने हेतु अधिकाधिक पौधारोपण पर बल दिया। इस दौरान कार्यालय प्रांगण में नीम, शीशम के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वितीय चरण सिंह घोटड़, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी नरेश कुमार वर्मा, दुलाराम, विनित, रमेश, मनोज सहित स्टॉफ के सदस्य उपस्थित थे।

### दलित वर्ग विकास संस्थान की बैठक

**सादुलपुर,** (निसं)। दलित वर्ग विकास संस्थान की गुरुवार को हुई बैठक में संयोजक मंडल का गठन किया गया। संस्थान के अध्यक्ष करण सिंह ने बताया कि बैठक में संस्थान की गतिविधियों को तेज करने के लिए गठित संयोजक मंडल में संयोजक प्रमुख रामकुमार धानिया को मनोनीत किया गया है। इसके अलावा नाहर सिंह बसेर, सत्यवीर बागोत, चंद्रभान नायक अशोक कुमार गोठवाल, सुभाष चंद्र नरसिह मीठड़ी, कुनाराम धाणक एवं ओमप्रकाश मेहरडा को सदस्य मनोनीत किया गया है। उन्होंने बताया कि संस्थान ने 15 जुलाई से सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय किया है। उन्होंने बताया कि इस मौके पर संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ समाज में व्याप्त बुराइयों को खत्म करने तथा शिक्षित समाज का निर्माण करने और समाज हित में भागीदारी निभाने का भी निर्णय लिया गया है। संचालन ओम प्रकाश मेहरडा ने किया। इस अवसर पर संदीप सुंडा एडवोकेट वीरेंद्र सिंह, सुभाष शीला प्रभाती राम सहित समाज के गणमान्य लोगों एवं कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जन्मदिन पर मरीजों को फल वितरित

**चूरू** (निसं)। कांग्रेस नेता मुस्ताक खान के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को छात्र नेता फरमान खान, पार्षद अंजनी शर्मा, यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव महेश ढूकिया, गुलजार खान, पार्षद प्रतिनिधि फारूक खान, छात्र नेता आदिल गौरी, युवा नेता तौफीक खान मिटकी, छात्र नेता नरपत रोलन ने भरतिया अस्पताल के महिला वार्ड में मरीजों को फल वितरण किया गया। इस दौरान फल वितरण और केक काटकर खान का जन्म दिवस मनाया गया। प्रदेश सचिव मुस्ताक खान ने इस पुनीत कार्य के लिए सभी को साधुवाद दिया। इस अवसर पर समीर खान, अरमान खान, सैफ कुरैशी, अज्जू लोहार, इमरान खान, कुलदीप, सुफियान झारिया, अमजद अखान, इरफान खान, साहिल खान, शाहिद, धोनी, मुस्लिम, नदीम, तौहीद, फरहान सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### पौधों की सार-संभाल का संकल्प

**तारानगर** (निसं)। तारानगर नगरपालिका द्वारा कस्बे के माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अन्तर्गत पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अधिशाषी अधिकारी अजय प्रताप सिँह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को एक पेड़ मां के नाम लगाए जाने का संकल्प दिलवाया गया, संकल्प को साकार करने के लिए परिवार के सभी सदस्यों द्वारा एक-एक पेड़ लगाने एवं उनकी रक्षा करना एवं उसका पालन पोषण करने का संकल्प लिया गया। साथी पालिका द्वारा मानसून में मुख्यमंत्री शहरी नरेगा योजना के तहत आवंटित लक्ष्य अनुसार पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है जिसमें सार्वजनिक स्थल राजकीय कार्यालय एवं अन्य स्थान पर पौधे लगाए जा रहे हैं। पौधारोपण के दौरान एसडीएम राजेन्द्र कुमार, सीओ अर्जुनसिंह राजपुरोहित, राजेश कुमारी सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

### विभिन्न प्रजातियों पौधे लगाये

**तारानगर** (निसं)। तारानगर के निकटवर्ती गांव धीरवास बड़ा की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरणादायक पहल करते हुए पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के दौरान सभी ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के छायादार व फलदार पौधे लगाए। इस अवसर पर अधिकारियों ने गुरु पूर्णिमा के महत्व और पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किए।

### एन्टी रेबीज टीकाकरण आज से

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। जुनोसिस जागरूकता सप्ताह के अन्तर्गत 11 व 12 जुलाई को बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय लक्ष्मणगढ़ में श्वान (कुत्तों) में एन्टी रेबीज टीकाकरण निःशुल्क किया जायेगा। विभाग ने जारी विज्ञिप्त में बताया कि लक्ष्मणगढ़ में श्वान (कुत्ता) मालिक अपने श्वान (कुत्तों) को कल सुबह 8 बजे से 2 बजे तक टीकाकरण करवा सकतें हैं।

# शहर में प्रवेश और निकास के दोनों मुख्य रास्ते बाधित, आमजन का हाल-बेहाल, प्रशासन मौन

- वैकल्पिक रास्ते की नहीं कोई व्यवस्था, बारिश के बाद शहर के हालात दयनीय



अग्रसेन नगर और पूनिया कॉलोनी आरओबी के काम के चलते बड़े वाहन क्षतिग्रस्त जयपुर रोड ब्रिज से गुजरते हैं।

**चूरू** (निसं)। चूरू शहर के अग्रसेन नगर और पूनिया कॉलोनी रेलवे फाटक पर आरओबी बन रहे हैं। कहने को तो ये शहर में विकास कार्य हो रहे हैं लेकिन इनके कारण वाहन चालकों और आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसमें बड़े वाहन चालकों की सबसे ज्यादा दुर्दशा हो रही है, ऐसा इसलिए क्योंकि पूनिया कॉलोनी व अग्रसेन नगर शहर में प्रवेश करने और बाहर जाने के मुख्य रास्ते हैं और इन रास्तों पर आरओबी का काम एक साथ चल रहा है। जिस कारण ये दोनों रास्ते बाधित हैं, लेकिन फिर भी प्रशासन ने शहर से आने-जाने के दूसरे कोई वैकल्पिक रास्ते की कोई व्यवस्था नहीं की। इसका खामियाजा वाहन चालकों और आमजन को भुगतना पड़ रहा है।

लोगों का आरोप है कि प्रशासन को पहले लिंक रोड या अन्य कोई वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिये थी, जिससे कि आवागमन में कोई परेशानी न हो। गौरतलब है कि पहले शहर में आने-जाने का रास्ता जयपुर रोड आरओबी से होकर जाता था, लेकिन ब्रिज क्षितग्रस्त होने के कारण इससे बड़े वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया। इसके बाद अग्रसेन नगर रेलवे फाटक से रामसरा होते हुए वाहन निकलने लगे। लेकिन अब अग्रसेन नगर से जाने वाला रास्ता भी आरओबी निर्माण कार्य के चलते बाधित हो गया है और इस रास्ते से निकलने के लिये वाहन चालकों को काफी परेशानियां होती है, इस कारण बड़े वाहन फिर से जयपुर रोड आरओबी या अग्रसेन नगर क्षित ग्रस्त रास्तों से गुजरने को मजबूर हैं। जबकि जयपुर ओवरब्रिज नकारा घोषित हो चूका है।

इधर शहर से आने-जाने के दूसरे मुख्य रास्ते पूनिया कॉलोनी फाटक पर भी आरओबी निर्माण कार्य चल रहा है। इसके कारण ये रास्ता भी बड़े वाहनों के लिए बंद पडा है।

हालांकि वाहन ओम कॉलोनी से होते हुए बिसाऊ रोड़ तक जा रहे हैं। लेकिन ओम कॉलोनी के रास्ते का भी बुरा हाल है। ये एरिया आबादी वाला है और यहां पक्की सड़क तक नहीं है। ऐसे में यहां से बड़े वाहनों का आवागमन किसी जान जोखिम से कम नहीं है। इसके बावजूद रोडवेज बस, ट्रक, डंपर आदि कई बड़े वाहन इसी रास्ते से गुजर रहे हैं। रास्ते की हालत इतनी खराब है कि वहां से दुपहिया वाहन का निकलना भी मुश्किल है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे पड़े है। गड्ढे भी एक से दो फीट तक गहरे है। रास्ता भी कहीं चौडा और कहीं संकडा है।

**अब बारिश में हालात और हुये खराब:-** वर्तमान स्थिति को देखते हुए ऐसा लगता है कि आगामी दिनों में होने वाली बारिश में वाहन चालकों और आमजन को आवागमन में और अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि प्रशासन अभी तक शहर से आने-जाने का दूसरा कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं ढूंढ पाया है तथा वर्तमान में जिन रास्तों से वाहन गुजर रहे हैं, बारिश में उन रास्तों पर पानी भर जाता है। यानी बारिश के मौसम में ओम कॉलोनी वाला रास्ता भी बाधित हो गया है। वहीं अग्रसेन नगर में भी ब्रिज का काम आगे बढ़ रहा है और कुछ दिनों बाद वहां से भी आवागमन बंद होने की संभावना है।

इस निर्माण कार्यों को लेकर वाहन चालकों और आमजन ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस शहर का कुछ भी नहीं हो सकता है, यहां नीचे से लेकर ऊपर तक सब मिले हुए हैं, ये लोग केवल थोथी घोषणाएं करके अपने वोट की रोटियां सेकते हैं।

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गुरु पूजन आशीर्वाद लिया

**बीदासर** (निसं)। कस्बे में गुरूवार को गुरू पूर्णिमा का पर्व भक्ति व आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कस्बे में अनेक जगह गुरू पूजन के कार्यक्रम हुए। कस्बे के नौखा रोड स्थित दादू दयाल संत आश्रम तपो धाम में भी गुरू पूर्णिमा के अवसर पर शिष्यों द्वारा आश्रम के संत महामंण्डलेश्वर मेलादास तपस्वी का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया गया। पूजन कार्यक्रम पंडित देवकी नंदन व्यास के साथ अनेक पंडितों ने विधि-विधान से पूजन करवाया।

इस अवसर पर सैकडो शिष्यों ने संत मेलादास तपस्वी को गुरू दक्षिणा देकर तथा फुलो की माला व पुष्प वर्षा कर गुरू पूर्णिमा पर्व मनाकर आर्शिवाद लिया। आश्रम में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर हवन का आयोजन किया गया। हवन में सैकडो श्रृद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन में आहुतिया दी। संत मेलादास ने गुरू पूर्णिमा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

गुरू पूर्णिमा की पूर्व संध्या बुधवार की रात्रि में आश्रम मे जागरण का आयोजन किया गया। जिसमे श्रृद्धालुओ ने बढ-चढ कर भाग लिया। कार्यक्रम मे संत तपस्वीदास, संत जयराम दास, पार्षद पवन कुमार जांगिड, शिवरतन दर्जी, गिरधारी लाल टेलर, शांतिलाल नाई, नोरतन सिंह सहित अनेक श्रृद्धालु उपस्थित थे। देर शाम भंडारे का आयोजन किया गया।

## गौ सेवा शिविर में रुद्राभिषेक किया

**चूरू** (निसं)। गोसेवा शिविर गोशाला समिति की ओर से गुरुवार को निकटवर्ती ग्राम पितरजी की ढाणी में श्रावण मास के प्रारंभ में गौशाला में रुद्राभिषेक किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ पंडित रवि शर्मा की टीम ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान रमाकांत भाऊवाला ने सपत्नीक रुद्राभिषेक किया। गौरतलब है कि डूंगरमल बजाज की प्रेरणा से आयोजित यह रुद्राभिषेक कार्यक्रम गौवंश के साथ हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गौशाला प्रभारी विश्वनाथ चौधरी, मंत्री शैलेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष सुधाकर सहल, पूर्व मंत्री राधेश्याम शर्मा, दिनेश गोरसिया, मनोज गोरसिया, मोहनलाल शर्मा, सुरेश कुमार शर्मा, गौशाला के पूर्व अध्यक्ष व संरक्षक लेखराज सोनी ने सपत्नीक भाग लिया। इस दौरान शंभूदयाल शर्मा, तेजपाल शर्मा, नोरतन मीणा, अजय मीणा, तेजपाल सिंह, सरोज मेघवाल, विराट गुर्जर, गोरंता मीणा, चूरू के जुझार जी मंदिर की टीम, रिडखला, पितरजी की ढाणी, चूरू शहर सहित अनेक स्थानों से गोभक्तों व धर्म प्रेमियों ने भाग लिया।

# भोला बाबा बगीची में भक्तों का जनसैलाब उमड़ा

- गुरु पूजन व आशीर्वाद लेने के लिए कतारें लगी



गुरू पूर्णिमा पर भोला बाबा बगीची में ब्रह्मलीन जसनाथी संत पुष्कर नाथ जी महाराज की समाधि पर शिव अभिषेक किया गया।

**राजलदेसर** (निसं)। गुरूवार को गुरू पूर्णिमा के अवराजलदेसर (निसं)। गुरूवार को गुरू पूर्णिमा के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भोला बाबा बगीची में ब्रह्मलीन जसनाथी संत पुष्कर नाथ जी महाराज की समाधि पर पंडित गंगाधर शास्त्री, हेमंत शर्मा के द्वारा शिव अभिषेक किया गया शिव अभिषेक में यजमान लालचंद प्रजापत हरीश प्रजापत सह पत्नीक रहे।

गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर सत्संग का आयोजन हुआ जिसमें गोलसर के रामाकिशन , परमेश्वरलाल खंडेलवाल पार्टी ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। सुबह बगीची के महंत सोमनाथ महाराज सुरजीतनाथ महाराज काननाथ महाराज जयचंदलाल तिवाडी बाबूलाल तिवाडी लिखमादेसर शिवालय पुजारी रामचंद्र शर्मा भवानी सैनी मंत्री के द्वारा गुरु पूजन किया गया व शास्त्रो की पूजा अर्चना की गई उसके बाद भंडारे महाप्रसादी का आयोजन हुआ जिसमे हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया इस कार्यक्रम में बगीची सेवक भीकमचंद सुथार, भगवानदास स्वामी, गौ ग्राम सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष ललित दाधीच, नोरतमल नाई नंदू माली राजू माली दौलतराम जाट पूर्णमल जाट संतोष नाई भाजपा नगर अध्यक्ष विष्णु प्रजापत सीताराम जाट महेश सिद्ध किशनाराम पटवारी दलीप खडोलिया दीनदयाल माली अमित दाधीच सहित अनेकों भक्त उपस्थित रहे।

कस्बे के श्री अंजनी माता श्री महावीर हनुमान मंदिर देव नगर ढाणी बास में दो दिवसीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर के पुजारी राधे श्याम पारीक, अंकित , डूंगरमल ने बताया कि बाबा भक्त गुरु हनुमान पारीक त्यागी के आशीर्वाद से कल रात्रि को संतों के मुखारविंद से भजनों की प्रस्तुति दी गयी जिसमें शेखावाटी के प्रसिद्ध संत रामदास महाराज चीमा बाबा सहित अन्य संतों के द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी । वहीं आज प्रात: 8:30 बजे महाज्योत, 9 बजे गुरुपूजन किया गया। मुंबई प्रवासी प्रवासी अरुण सराफ, मोहित सराफ ,कोमल सराफ ने बताया कि इस मंदिर व बाबा के आशीर्वाद से काफी चमत्कार हुई है गुरु हनुमान पारीक का सदा आशीर्वाद रहा है उनके चलते व बालाजी महाराज की कृपा से हमको कोरोना काल मे जीवनदान मिला है। बाबा की महिमा का जितना वर्णन करें उतना कम है यहां पर जो सच्चे मन श्रद्धा से आता है उनकी मनोकामना जरुर पूरी होती है।

## गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया

**पाटन** (निसं)। दिल्ली-सीकर हाईवे स्थित गुढ़ा पब्लिक स्कूल, नीम का थाना में गुरु पूर्णिमा का पर्व अत्यंत श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय प्रांगण में प्रात:कालीन सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने गुरु की महिमा और उनके जीवन में महत्व को भाषण, नाटिका, गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शाया। कार्यक्रम की प्रमुख प्रस्तुति एक लघु नाटिका रही, जिसमें बच्चों ने महर्षि द्रोणाचार्य और एकलव्य की कथा को मंचित करते हुए गुरु-शिष्य संबंधों की आत्मिक गहराई, निष्ठा और नैतिकता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। एकलव्य द्वारा गुरु दक्षिणा स्वरूप अंगूठा अर्पण करने का दृश्य सभी की आंखें नम कर गया। गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमैन संपत बेनीवाल ने इस अवसर पर अपने संदेश में गुरुजनों को नमन करते हुए कहा, गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा की आत्मा है।

# चूरू में झमाझम बारिश से सावन का स्वागत



चूरू में बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली।

**चूरू** (निसं)। सावन माह का स्वागत गुरुवार को हुई झमाझम बारिश से हुआ। इस जोरदार बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए हुए थे। बुधवार शाम को भी हल्की बारिश हुई थी। गुरुवार दोपहर 2.30 बजे तक रूक-रूक बारिश का दौर जारी रहा। बारिश के बाद सुभाष चौक, सीटी पोस्ट ऑफिस के पास, पुराना बस स्टैण्ड, लोहिया कॉलेज के सामने, कलेक्ट्रेट के पास, चांदनी चौक क्षेत्र, जौहरी सागर, भरतिया अस्पताल सहित शहर के निचले इलाकों में पानी भर गया। इससे आमजन काफी परेशानियों का सामना करना पडा।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कम दबाव का क्षेत्र पश्चिम बंगाल और झारखंड क्षेत्र के ऊपर है। मानसून ट्रफ लाइन अमृतसर-चंडीगढ़ से होकर गुजर रही है। भरतपुर, कोटा, जयपुर और बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं मेघ गर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। भरतपुर संभाग में एक स्थान पर भारी बारिश हो सकती है। पूर्वी राजस्थान में 10 जुलाई से और पश्चिमी राजस्थान में 12 जुलाई से भारी बारिश की गतिविधियां बढ़ेगी। जोधपुर संभाग में आगामी 3-4 दिन मौसम शुष्क रहेगा। वहीं बीकानेर संभाग में बारिश की संभावना है।

## उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**रतनगढ़** (निसं)। भारतीय किसान सभा कमेटी रतनगढ़ ने मुख्यमंत्री के नाम किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर तहसील स्तरीय जन सुनवाई में उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उपभोक्ताओं पर जबरन थौंपे जा रहे स्मार्ट मीटर का विरोध दर्ज किया गया।

किसान सभा के अध्यक्ष मदनलाल जाखड ने बताया कि डिजिटल मीटर पहले से लगे हुए हैं इसके बाद भी नए मीटर लगाए जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर जो वर्तमान मीटर से 13 से 70 प्रतिशत ज्यादा यूनिट निकालता है जिसक कीमत 25000 हजार रुपए उपभोक्ताओं से किस्तों वसूली जानी है। चूंकि किसान मजदूर और गरीब लोग इसके रिचार्ज करने से भी अनभिज्ञ हैं ऐसे में रात्रि या जब कभी भी रिचार्ज खत्म होने पर उनके लिए गंभीर समस्याएं उत्पन हो सकती है। अत: किसान और मजदूर वर्ग इसका पूरे देश में विरोध कर रहा है। दूसरी बडी समस्या ऊर्जा कंपनी ने किसानो की जमीन अधिग्रहण कर ली है और अभी तक उनका वाजिब मुआवजा उनके बैंक खाते में नहीं डाला है जबकि पोल खडे कर दिए। कई किसान जिनकी जमीन तो अधिग्रहण करली सौर ऊर्जा कंपनी ने पैसे नहीं देने पर उन किसानों ने पोल खड़े नही करने दिए उन किसानों को कंपनी के लोग धमकियां दे रहे हैं।

# चूरू जिला पशुपालन विभाग के नवनियुक्त संयुक्त निदेशक डॉ. हीरालाल सोनी का स्वागत

- स्वागत कार्यक्रम से पूर्व नव नियुक्त संयुक्त निदेशक ने राजकीय पशु चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को देखा एवं जानकारी ली



डॉ. हीरालाल सोनी संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग के बनने के बाद पहली बार श्री राजलदेसर गौशाला पहुंचने पर गौशाला के कार्यकर्ताओं द्वारा उनका अभिनंदन एवं स्वागत किया गया।

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर में बुधवार देर शाम को डॉ हीरालाल सोनी संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग के बनने के बाद पहली बार श्री राजलदेसर गौशाला पहुंचने पर गौशाला के कार्यकर्ताओं द्वारा उनका अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम गौशाला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगतमल पाण्डिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

सोनी ने कहा कि मैं बहुत सौभाग्यशाली हूं कि मैं गौशाला से 28 वर्षो से जुड़ा हुआ हूं अधिकारी के तौर पर नहीं एक कार्यकर्ता के रूप में गौशाला में जिस प्रकार से धरातल पर कार्य हो रहे हैं उस कार्य में जुड़ा हुआ हूं गौशाला के द्वारा लगातार नवाचार किया जा रहे हैं वह प्रदेश भर में एक अनूठा उदाहरण है जिले के अधिकारी भी कहते हैं कि कुछ करना है व सीखना है तो श्री राजलदेसर गौशाला की तरह धरातल पर कार्य करो । गौशाला के द्वारा बरसाती पानी संग्रह के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं ताकि गौ माता को बरसाती पानी पीने के लिए मिले ताकि उनका स्वास्थ्य अच्छा रहे। हरा चारा मिले बरसाती पानी के माध्यम से यह भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने पशु चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कीया सोनी ने चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को दिखा एवं जानकारी ली। पशुधन बीमा योजना की प्रगति वैक्सीनेशन के बारे में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अन्य विभागीय गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी ली।

निरीक्षण के बाद स्थानीय पशु चिकित्सालय के कर्मचारी एवं गौशाला के प्रतिनिधियों ने उनका दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। गौशाला परिवार की ओर से वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगतमल पाण्डिया, मंत्री ललित दाधीच, रतनलाल बारूपाल, कोषाध्यक्ष परमेश्वर फोगला, मुकेश श्रीमाल, परमानंद प्रजापत मांगीलाल प्रजापत ने दुपट्टा व शॉल पहनाकर स्वागत किया। इसी कड़ी में चिकित्सालय में डॉ मुकनी बुधराम मीणा किशनाराम शुभकरण मुरली मारू राधेश्याम पांडे ललित दाधीच सहित कर्मचारी एवं गौशाला के प्रतिनिधि के द्वारा स्वागत किया गया।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

डी.आर.एम. / बिजली, उ.प.रे. जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं मंडल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आंमत्रित करते हैं। 1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट का पता: http://www.ireps.gov.in, 2. ई-निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि व समय: 04.08.2025 को 15.00 बजे तक, 3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय: 04.08.2025 को 15.00 बजे के बाद, निविदा संख्या: 31/2025-26, कार्य का विवरण: Electric Work in connection with provision of SSP at 15 different locations over JU Division to enhance operational efficiency of TRD system, अनुमानित लागत रूपये: Rs. 1319601.77, निविदा संख्या: GSU ELECTG 05/2025-26, कार्य का विवरण: Electric Work in c/w Proposed new block station between Didwana-Ladnu station in DNA-RTGH station of Jodhpur Division, अनुमानित लागत रूपये: Rs. 1836312.09, विस्तृत जानकारी हेतु कृपया http://www.ireps.gov.in पर विजिट करें। 827-PS/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें